गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
:ntral University established by the central universities Act 2009 No.25 of 200
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.i

कमांकः 286 /परीक्षा/NAD/2018 बिलासपुर , दिनांकः 01.10.2018

प्रति,

समस्त अधिकारी/कर्मचारी
परीक्षा/गोपनीय विभाग
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :– **"राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार" (National Academic Depository) के Online Portal में संबंधित छात्र/छात्राओं के NAD ID अथवा पंजीकरण विवरण अथवा आधार संख्या स्थापित किये जाने के पूर्व संबंधित छात्र/छात्रा के विवरण पुनः अंतिम रूप से सारणी पत्रक से सत्यापित किये जाने के संबंध में ।**

उपरोक्त विषयांतर्गत जैसा विदित है कि विश्वविद्यालय NAD Cell के द्वारा सत्र 2015–16 अंतिम परीक्षा वर्ष 2016 में सम्मिलित छात्र/छात्राओं के 1831 उपाधि पत्रों को E-Certificates के रूप में संबंधित छात्र/छात्राओं के द्वारा अवलोकित/Download/Print किये जाने हेतु NAD के Portal पर उपलब्ध करा दिये गये है ।

संबंधित छात्र/छात्रा उक्त E-Certificates NAD के Portal पर Login करके तभी देख सकते है अथवा Download कर सकते है अथवा Print कर सकते है जब वे NAD के Portal पर अपना NAD ID बना ले तथा उक्त Portal पर अपने NAD ID अथवा पंजीकरण के विवरण अथवा आधार संख्या विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में जमा कर, NAD Office के माध्यम से Portal पर Seeding करा लें । इस संबंध में समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना E-Mail के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है अतः इसी सूचना के अनुक्रम में उक्त उपाधि पत्रों से संबंधित छात्र/छात्रायें अपने उपाधि पत्रों को E-Certificates के रूप में देखने/ Download/Print करने हेतु अपने NAD ID/ आधार संख्या/ NAD पर पंजीकरण विवरण की मुद्रित प्रति परीक्षा शाखा में जमा कराने आयेंगे तथा यह एक निरंतर एवं सदैव चलने वाली प्रकिया होगी ।

NAD Portal पर संबंधित छात्र/छात्राओं के पंजीकरण विवरण/आधार संख्या NAD ID Seed करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में सुरक्षित है । अतः इस संबंध में जो भी छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में अपने पंजीकरण विवरण/आधार संख्या का विवरण लिखित में जमा कराते है तो संबंधित छात्र/छात्रा की उपाधि की पहचान तथा संबंधित छात्र/छात्रा ही उपाधि पत्र देखने/Download/Print करने का अधिकार रखता है, यह संबंधित अंक सारणी पत्रक से पुनः सुनिश्चित किया जा सकता है ।

अतः उक्त तथ्यों के प्रकाश में विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में संबंधित छात्र/छात्राओं द्वारा जमा कराये जाने वाले पंजीकरण विवरण/आधार संख्या जो भी छात्र/छात्रा जमा करता है, उसे संबंधित कक्षा के पटल प्रभारी की ओर अंकित किया जायेगा तथा संबंधित पटल प्रभारी उस छात्र/छात्रा के नाम/अनुकमांक एवं नामांकन कमांक उसी अभिलेख पर अंकित करेंगे ताकि संबंधित छात्र/छात्रा ने वर्ष 2016 की संबंधित परीक्षा अंक सारणी पत्रक में उपलब्ध विवरण के अनुसार उत्तीर्ण की है यह अंतिम रूप से सत्यापित हो सके। तदोपरांत संबंधित अभिलेख को NAD Cell में Seeding हेतु उपलब्ध कराया जाये ताकि NAD Cell के संबंधित कर्मचारीगण, उप–कुलसचिव (परीक्षा) के पर्यवेक्षण में संबंधित छात्र/छात्रा (जिसका की उल्लेख अंक सारणी पत्रक में है) के पंजीकरण विवरण/आधार संख्या NAD Portal पर Seed करेंगे ।

यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित छात्र/छात्रा के द्वारा आधार संख्या का विवरण उपलब्ध कराने की अनिवार्यता नहीं होगी तथा यह उनकी सुविधा के लिये पूर्णतः स्वैच्छिक होगा, किंतु आधार संख्या की अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित छात्र/छात्रा को NAD Portal पर किये गये पंजीकरण विवरण की एक सत्यापित प्रति परीक्षा शाखा में लिखित में जमा करना अनिवार्य होगा ।

शोध उपाधि पत्रक से संबंधित छात्र/छात्राओं के पंजीकरण विवरण/आधार संख्या प्राप्त होने पर इससे संबंधित छात्र/छात्राओं के शोध उपाधि का सत्यापन गोपनीय शाखा अथवा गोपनीय शाखा के द्वारा उपलब्ध करायी गई सत्यापित सारिणी द्वारा किया जायेगा ।

कृपया सर्वसंबंधित उक्त प्रकिया का पालन सुनिश्चित करेंगे ।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)

कमांक: 287 /परीक्षा/ NAD /2018 बिलासपुर, दिनांक : 01.10.2018

CSIT/1866
03/10/18

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति एवं कुलसचिव जी के निज सचिव/निज सहायक को कुलपति महोदया एवं कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
02. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार की अपेक्षा के साथ प्रेषित ।
03. सहायक कुलसचिव (गोपनीयं/अकाद्मिक), गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ ।
04. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. समन्वयक, आई.टी.प्रकोष्ठ,सी.एस.आई.टी. विभाग को वेबसाइट में Upload करने हेतु प्रेषित।
06. कार्यालय प्रति ।

1-10-2018
उप–कुलसचिव (परीक्षा)